# UNIVERSITY NEWS 26 JUNE 2026

## AMAR UJALA

# आध्यात्मिक जीवन और सकारात्मक सोच पर संवाद करेंगी जया किशोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। अमर उजाला की आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी पहल 'जीवांजलि' के अंतर्गत देश की प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता एवं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी चार जुलाई को शाम 5:30 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में विशेष आध्यात्मिक एवं प्रेरक सत्र को संबोधित करेंगी। 'विचारों से बदलाव तक' की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में जया किशोरी जीवन में सकारात्मक सोच, मानसिक शांति, पारिवारिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जीवन मूल्यों और सकारात्मक दृष्टिकोण के प्रति प्रेरित करना है।

यह सत्र युवाओं, विद्यार्थियों, परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायी रहेगा। कार्यक्रम में प्रवेश केवल ई-पास के माध्यम से होगा। इच्छुक प्रतिभागी अमर उजाला की ओर से जारी क्यूआर कोड स्कैन कर पंजीकरण करा सकते हैं।

बैठने की व्यवस्था सीमित होने के कारण सीटें 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध होंगी। एक ई-पास केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा। बिना वैध ई-पास के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीकरण के बाद ई-पास व्हाट्सएप पर प्राप्त होगा।

अमर उजाला
जीवांजलि
विचारों से बदलाव तक



**अमर उजाला की 'जीवांजलि' श्रृंखला के तहत चार जुलाई को लविवि के मालवीय सभागार में होगा विशेष सत्र**

**अमर उजाला के पाठक क्यूआर कोड स्कैन कर पा सकते हैं एंट्री पास**

## AMAR UJALA

# लखनऊ विवि में बीकॉम के तीन नए पाठ्यक्रम शुरू

## रोजगार की राह आसान करेंगे कोर्स, आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

अभिषेक सहज

लखनऊ। बैंकिंग, डिजिटल व्यापार और रिटेल क्षेत्र में तेजी से बढ़ती रोजगार संभावनाओं को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 से अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के तहत तीन नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ये कोर्स पढ़ाई के साथ छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार की राह भी आसान करेंगे। इनमें बीकॉम बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (बीएफएसआई), बीकॉम ई-कॉमर्स और बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट के कोर्स शामिल हैं।

**प्रत्येक कोर्स में होंगी 75-75 सीटें, पढ़ाई के साथ मिलेगी अप्रेंटिसशिप**

लविवि के अनुसार, चार वर्षीय इन पाठ्यक्रमों में आठ सेमेस्टर होंगे। पढ़ाई के साथ ही संबंधित इंडस्ट्रीज में प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। छठे और आठवें सेमेस्टर में अप्रेंटिसशिप मिलेगी। तीनों ही कोर्सों में 75-75 सीटें रखी गई हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। विवि के प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें उद्योगों की जरूरत के हिसाब से तैयार करना है ताकि कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें रोजगार के अच्छे अवसर भी मिल सकें। इसके जरिये विद्यार्थियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और उन्हें डिग्री के साथ ही कार्य का अनुभव भी होगा। तीनों की ही पाठ्यक्रमों की फीस समान रहेगी। लविवि ने प्रति समेस्टर 27,880 रुपये फीस तय की है।

### यह है तीनों पाठ्यक्रमों की खासियत

- **बीकॉम बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (बीएफएसआई) :** बैंकिंग, बीमा और वित्तीय क्षेत्र पर विशेष फोकस रहेगा। बैंकिंग ऑपरेशन, निवेश प्रबंधन, फाइनेंशियल प्लानिंग और जोखिम प्रबंधन की पढ़ाई होगी। सार्वजनिक और निजी बैंकों, बीमा कंपनियों, एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली का अनुभव देने के लिए अप्रेंटिसशिप से बढ़ेगी कार्यक्षमता व अनुभव।
- **बीकॉम ई-कॉमर्स :** ऑनलाइन व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर आधारित पाठ्यक्रम होगा। ई-मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग एजेंसियों और स्टार्टअप्स में कैरिअर की संभावनाएं। तेजी से बढ़ते डिजिटल कारोबार क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास पर दिया जाएगा ध्यान।
- **बीकॉम रिटेल मैनेजमेंट :** रिटेल उद्योग और उपभोक्ता व्यवहार पर केंद्रित रहेगा पाठ्यक्रम। स्टोर मैनेजमेंट, मर्चेंडाइजिंग, सेल्स मैनेजमेंट और कस्टमर रिलेशनशिप की पढ़ाई कराई जाएगी। संगठित रिटेल, मॉल, सुपरमार्केट चेन और ई-रिटेल कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे। छात्रों को रिटेल सेक्टर की कार्यप्रणाली समझाने के लिए फील्ड ट्रेनिंग और अप्रेंटिसशिप दी जाएगी।

## लविवि ने बदले प्रवेश के नियम, बायोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए भी खुला आईटी का रास्ता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता में बदलाव किया है जिससे बायोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए भी आईटी का रास्ता खुल जाएगा। विवि प्रशासन की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, अब 12वीं में विज्ञान वर्ग (साइंस स्ट्रीम) से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं, चाहे उनके पास गणित हो या न हो, बीसीए कार्यक्रमों में आवेदन कर सकेंगे। इससे जीवविज्ञान पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए भी कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश के नए अवसर खुलेंगे। अब तक बीसीए को गणित के विद्यार्थियों का ही पाठ्यक्रम माना जाता था, लेकिन लखनऊ विवि ने पात्रता नियमों में अब ऐसा प्रावधान किया है। प्रवेश कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बीसीए कार्यक्रमों में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा विज्ञान वर्ग से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा जिन छात्रों ने कंप्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंफॉर्मेशन प्रैक्टिसेज, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी एंड मेंटेनेंस, आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) या रोबोटिक्स जैसे विषयों में से कोई एक विषय पढ़ा है, वे भी पात्र होंगे। विवि ने सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक तथा एससी-एसटी वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए हैं। यह प्रतिशत सभी विषयों के कुल अंकों के आधार पर माना जाएगा। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि इस निर्णय से विशेष रूप से उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने 12वीं में बायोलॉजी के साथ विज्ञान वर्ग की पढ़ाई की है और अब कंप्यूटर एवं आईटी क्षेत्र में कैरिअर बनाना चाहते हैं। लविवि का बीसीए पाठ्यक्रम तीन वर्ष का है जिसमें छह सेमेस्टर हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)



**अब पीसीबी स्ट्रीम वाले 12वीं उत्तीर्ण छात्र भी कर सकेंगे बीसीए**

## DAINIK JAGRAN

# नौ कोर्सों का परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम गुरुवार को जारी कर दिए। इनमें बी.वाक, बी.काम, बी.फार्म, एम.ए उर्दू, बीबीए मैनेजमेंट, बीबीए आइबी इंटरनेशनल बिजनेस और बीबीए एमएस मैनेजमेंट साइंस के परिणाम शामिल हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। वि.

## NBT

# लखनऊ विश्वविद्यालय में PG के लिए 30 तक आवेदन

**NBT न्यूज, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी और पीजी प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फॉर्म भरने की तारीख बढ़ा दी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अब स्टूडेंट्स 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जो छात्र किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

## DAINIK JAGRAN

# UNIVERSITY OF LUCKNOW, LUCKNOW

**Admission Notification (2026-27)**

With over 100 years of golden academic excellence the University of Lucknow invites Online Application Form for the following programmes:-

**Last Date:-10-07-2026**

**B.B.A. LL.B. (Integrated Five Year)** — **Total Seats-180**

**Click here for Online Application - https://lkounivadm.samarth.edu.in/index.php/site/index**

**LL.B. (Integrated Five Year) for NRI/NRI Sponsored** — **Total Seats-30**

**https://lurn.lkouniv.ac.in/lunriapp26**

For Online Application form details, Please visit the Admission page of university website www.lkouniv.ac.in regularly.

**Registrar**

## HINDUSTAN TIMES

# UNIVERSITY OF LUCKNOW, LUCKNOW

Admission Notification (2026-27)

With over 100 years of golden academic excellence the University of Lucknow invites Online Application Form for the following programmes:-

Last Date:- 10-07-2026

B.B.A. LL.B. (Integrated Five Year) — Total Seats-180

Click here for Online Application
https://lkounivadm.samarth.edu.in/index.php/site/index

LL.B. (Integrated Five Year) for NRI/NRI Sponsored — Total Seats-30

https://lurn.lkouniv.ac.in/lunriapp26

For Online Application form details, Please visit the Admission page of university website www.lkouniv.ac.in regularly.

Registrar

## DAINIK JAGRAN

# नाइलेट संग एमओयू करेगा लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलेट), लखनऊ के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करेगा। इस हस्ताक्षर के तहत लवि के छात्र एवं संकाय सदस्य एनएसक्यूएफ के अनुरूप पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगे। वि.

## AMAR UJALA

# सहयोग करेंगे लविवि और नीलिट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नीलिट) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग, कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह साझेदारी छात्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करेगी। कुलपति जेपी सैनी ने कहा कि यह सहयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN

# एलयू नीलिट संग एमओयू, बढ़ेगा कौशल विकास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नीलिट) लखनऊ के बीच शैक्षणिक सहयोग, कौशल विकास, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन किया जाएगा। इसके तहत विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक एनएसक्यूएफ-अनुरूप पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकेंगे, जिन्हें वैकल्पिक, मूल्यवर्धित और कौशल संवर्धन पाठ्यक्रमों के रूप में शामिल किया जाएगा।